मूल्यः एक रूपया

कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

Email: info@kamdhenulimited.com, Website: www.kamdhenulimited.com, www.kamdhenupaints.com
www.facebook.com/kamdhenulimited

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–17, अंक–20, नवंबर 2017

किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545

## देश की नींव को मजबूत करते इरादे



किसी लक्ष्य को पूरा करना हो तो उसके लिए सही सोच की जरूरत होती है। मगर जब लक्ष्य ऐसा हो जो एक साथ कई सपनों को पूरा करे तो उसके लिए जूनून की जरूरत होती है। ऐसा ही एक जूनून श्री सुनील अग्रवाल जी ने भी कामधेनु लिमिटेड के लिए दिखाया। दो दशक के अंतराल में कामधेनु को एक ऐसी कंपनी के तौर पर स्थापित करने में अपना योगदान दिया जिसने देश में इस्पात उत्पादों को ब्रांड की पहचान दी। लगातार विकास के लिए इनोवेशन और गुणवत्ता को हमेशा पहले पायदान पर रखा। मार्किट के परिवर्तनों पर अपने दूरदर्शी नजरिए से विश्लेषण कर प्रबंधकीय क्षमता से कामधेनु को निरंतर आगे बढ़ाया और बेहतरीन टीएमटी के विकास में वो इरादे दिखाए जिसने कंपनी के साथ पूरे देश की नींव को मजबूत किया।

एक तरफ जहां उन्होंने कामधेनु को भारतीय बाज़ार में स्थापित किया वहीं दूसरी ओर उसे प्रमाणिकता भी दिलाई। एशियाज़ मोस्ट प्रोमिसिंग ब्रांड, वर्ल्डस ग्रेटेस्ट ब्रांड और इंडियन पॉवर ब्रांड जैसे अर्वाड्स को भी जीता है। देश और दुनिया की जरूरतों पर विस्तृत नजर रखने के साथ–साथ हर उन रुझानों को समझा जो देश की जरूरतों को पूरा करते हैं। आधारभूत ढांचो की बढ़ती संभावनाओं को समझना और उन संभावनाओं के अनुरूप बेहतर उत्पादों का निर्माण करना ये सब श्री सुनील अग्रवाल जी ने बखूबी किया।

कामधेनु द्वारा जहां देश में इस्पात उत्पादों को नई परिभाषा दी गई वहीं भारतीय इस्पात को कामधेनु नाम से नई पहचान मिली। जिसमें कामधेनु के बेहतरीन टीएमटी बार शामिल है। आज विकास की परिभाषा में नया शब्द 'स्मार्ट' जुड़ा है जो अगली पीढ़ी की क्षमता को प्रदर्शित करता है। स्मार्ट सिटी, स्मार्ट कंस्ट्रशन, स्मार्ट आर्किटेक्ट डिजाइन और स्मार्ट इंजीनियरिंग इन सबको सुनील अग्रवाल जी ने एक साथ पिरोने का काम किया और नये टीमएमटी उत्पाद **कामधेनु नेक्स्ट** को विकसित किया। भावी पीढ़ी की आवश्यकताओं के मुताबिक होने के कारण इसे **नेक्स्ट जनरेशन इंटरलॉक स्टील** कामधेनु नेक्स्ट कहा गया।

सुनील अग्रवाल जी के मार्गदर्शन में इसे 2016 में भारतीय बाज़ार में बेहतरीन योजना के साथ लॉन्च किया गया और बस एक साल के अंतराल में कामधेनु नेक्स्ट ने भारतीय बाज़ार में अपनी साख बना ली है। इस उत्पाद के कॉन्सेप्ट को डेवेलप करने और उसके लिए बेहतरीन लॉजिस्टिक, प्रबंधन एवं योजना ये सब एक अभूतपूर्व कार्य थे जिसे एक सीमित समय में सफलता के साथ पूरा किया गया। आज कामधेनु नेक्स्ट टीएमटी उत्पादों में जाना–माना नाम है। जो अपनी 2.5 गुना ज्यादा इंटरलॉक स्ट्रैंथ, जंगरोधी क्षमता और बेहतरीन टेन्साईल क्षमता के आधार पर बेजोड़ टीएमटी उत्पाद है।

जहां इस बेहतरीन उत्पाद ने भारतीय बाज़ार में अपनी धाक जमाई वहीं अग्रवाल जी ने इसे किफायती लागत पर ग्राहकों तक पहुंचाने के लिए बेहतरीन बिजनेस मॉडल को विकसित किया। इस बिजनेस मॉडल में फ्रेंचाइजी और डीलर्स, इन दोनों का ही स्मार्ट तरीके से प्रबंधन और विकास किया गया। आज कंपनी के फ्रेंचाइजी पार्टनर्स और डीलर्स की संख्या लगातार बढ़ रही है। दोनों ही कंपनी के साथ–साथ विकास कर रहे है। डीलर्स और फ्रेंचाइजी पार्टनर्स को एक परिवार का रूप दिया और इनके लिए फायदेमंद योजनाऐं बनायीं ताकि ये कंपनी को परिवार की तरह समझें। डीलर्स ने भी अपना पूरा भरोसा कामधेनु लिमिटेड पर दिखाया और आज पूरे कंपनी के डीलर्स की संख्या 7500 को पार कर गई। कंपनी की बेहतर नीतियों की वजह से यह आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है और निकट भविष्य में 10000 के लक्ष्य तक पहुंच जाएगा जो सभी के लिए एक बड़ी उपलब्धि होगी।

# मानुषी के सिर सजा मिस वर्ल्ड 2017 का ताज




चीन के सान्या शहर में आजोजित हुए मिस वर्ल्ड 2017 का ताज भारत के नाम रहा। भारत की मानुषी छिल्लर ने 118 प्रतियोगियों को पछाड़ते हुए इस ख़िताब को अपने नाम किया। मानुषी के हाजिर जवाबी और खूबसूरती ने इस खिताब को भारत को दिलाया। हरियाणा के झज्जर जिले के बामनोली गांव की रहने वाली 20 वर्षीय मानुषी इस समय सोनीपत के भगत फूल सिंह मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस कर रही है और वह वर्तमान में द्वितीय वर्ष की छात्रा हैं। पिछले साल की विजेता मिस प्यूर्टोरिको स्टेफनी डेल वैले ने उन्हें इस ताज को पहनाया। यह ख़िताब भारत को 6वीं बार मिला। प्रतियोगिता में दूसरा स्थान मिस मैक्सिको और तीसरा स्थान मिस इंग्लैंड को मिला।

मानुषी की यह उपलब्धि इसलिए भी खास है क्योंकि वह हरियाणा की रहने वाली हैं। हरियाणा कम महिला लिंगानुपात के लिए हमेशा ही बदनाम रहा है। मानुषी ने आज विश्व के मंच पर हरियाणा को नई पहचान दिलाई है और हरियाणा के साथ पूरे देश के मान को भी बढ़ाया है। 14 मई 1997 को जन्मी मानुषी 1966 में पहली बार मिस वर्ल्ड का खिताब जीतने वाली रीता फारिया को अपना आदर्श मानती हैं।

इस ताज को जीतने वाली भारतीय सुंदरियां

1966 में रीता फारिया

1994 में ऐश्वर्या राय

1997 में डायना हेडन

1999 में युक्ता मुखी

2000 में प्रियंका चोपड़ा

2017 मानुषी छिल्लर





## शुरू हुआ चाबहार बंदरगाह, मध्य एशिया तक भारतीय सामान की पहुंच होगी सुगम

भारत द्वारा विकसित किए जा रहे ईरान के चाबहार बंदरगाह से हाल ही में समुद्री व्यापार की शुरुआत हो गई। इसके द्वारा भारत ने अफगानिस्तान के लिए गेहूँ का पहला शिपमेंट भेजा है, जो भारत की ओर से अफगानिस्तान के लोगों के लिए 11 लाख टन गेहूँ की सप्लाई की प्रतिबद्धता का एक हिस्सा है। अफगानिस्तान जाने के लिए पाकिस्तान ने अपने मार्गों को भारत के लिए बंद कर दिया था। इस स्थिति से निपटने के लिए भारत ने इरान और अफगानिस्तान के साथ त्रिपक्षीय रणनीति पर कार्य करते हुए समुद्री परिवहन का रास्ता निकाला और इरान के चाबहार बंदगाह को विकसित कर रहा है।

बेहतरीन विदेश नीति की मिसाल बनी यह योजना भारत के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। भारत ने इसके जरिए पाकिस्तान को अलग–थलग करते हुए अफगानिस्तान और ईरान से अच्छे रणनीतिक संबंध बना लिए है। भारत द्वारा ईरान के रास्ते गेहूँ के 6 शिपमेंट भेजे जाने थे जिसके तहत भारत ने अपनी पहली खेप गुजरात के कांडला बंदरगाह से भेज दी है। इस पोर्ट से अफगानिस्तान से विश्वनीय कनेक्टिविटी के लिए भारत ने चाबहार में करीब 50 करोड़ डॉलर की योजना बनाई है जिसमें से 10 करोड़ डॉलर का निवेश किया जा चुका है।



## स्पीड और ताकत का बेजोड़ मेल, सुखोई फाइटर जेट से ब्रह्मोस का सफल परीक्षण

दुनिया की सबसे तेज सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस का भारतीय वायुसेना ने पहली बार सुखोई–30–एमकेआई लड़ाकू विमान से परीक्षण किया, जो उम्मीद के अनुसार सफल रहा। इस परीक्षण के साथ ही भारत ऐसा पहला देश बन गया है, जो जमीन, समुद्र तथा हवा से सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल का उपयोग कर सकता है। इस परीक्षण के साथ ही विमान से सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल दागने का विश्व रिकार्ड भारत के नाम हो गया।

दुश्मन की सीमा में घुसकर लक्ष्य भेदने के लिए ब्रह्मोस मिसाइल का सुखोई फाइटर जेट से 22 नवंबर को सफल परीक्षण किया गया। ढाई टन वजनी इस मिसाइल को ले जाने के लिए सुखोई–30–एमकेआई को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने मॉडिफाई किया है। युद्ध की स्थिति में क्रूज मिसाइल को दागने का भारत को एक और और विकल्प मिल गया है।




# गुजरात के पेंट्स डीलर्स को मिला उदयपुर ट्रिप का तोहफा

अपने बेहतरीन पेंट उत्पादों से भारतीय पेंट बाजार में अपनी खास पहचान बनाने वाली कंपनी कामधेनु पेंट्स कामधेनु समूह की एक सफल कंपनी है। कामधेनु लिमिटेड जो दो दशक से उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद का पर्याय बना हुआ है और जो लगातार उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद ग्राहकों तक पहुंचा रही है। कंपनी आज अपने उम्दा व्यापारिक व्यवहार से ग्राहकों के विश्वास को जीत चुकी है। इस विश्वास को बनाने में डीलर्स ने पूरी प्रतिबद्धता के साथ अपना योगदान दिया है। कामधेनु भी इस विश्वास को बनाए रखने के लिए डीलर्स को प्रोत्साहित करती है ताकि डीलर्स कंपनी के हित में और बेहतर कार्य करते रहें।





इसी के तहत डीलर्स को प्रोत्साहित करने के लिए कंपनी ने अहमदाबाद और राजकोट के चैनल पाटनर्स के लिए 6 और 7 नवंबर को इंसेंटिव ट्रिप का आयोजन किया। कंपनी ने इस ट्रिप को उदयपुर में आयोजित किया जो अपने वैभव एवं झीलों के लिए प्रसिद्ध है। साथ ही कंपनी ने यहां के प्रसिद्ध होटल गोल्डन ट्युलिप में इस पूरे कार्यक्रम को आयोजित किया। इस खास आयोजन में कंपनी के 40 डीलर्स सम्मिलित हुए और कामधेनु के पदाधिकारियों में श्री शैलेंद्र वीर, जीएम सेल्स, श्री राजेश त्रिपाठी, डीएसएम, अहमदाबाद डिपो, श्री जिग्नेश उपाध्याय, एएसएम, राजकोट डिपो सम्मिलित हुए। इस ट्रिप को रोचक बनाने के लिए कंपनी डीलर्स को उदयपुर की फ्रेंचाइजी प्रोडक्शन यूनिट मेसर्स रेनुका मिनरल्स ले गई। यहां डीलर्स ने कामधेनु पेंट्स के उत्पादों कामधेनु केमोकेयर, कलर ड्रीम्ज, वॉल पुट्टी के साथ अन्य पेंट उत्पादों की मैन्युफैक्चरिंग प्रोसेस को समझा।

झीलों के शहर में आयोजित किया गया यह ट्रिप प्रबंधन का एक उत्कृष्ट समावेश साबित हुआ। एक ओर जहां यहां पर बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले चैनल पार्टनर्स को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया वहीं डीलर्स भी उदयपुर की अतुल्य खूबसूरती को देखकर स्तब्ध थे। यहां आये सभी लोगों ने फतेहगढ़ झील पर अविस्मरणीय पल बिताया।

शैलेंद्र वीर ने गुजरात के डीलर्स को उनके योगदान के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि ''इस इंसेंटिव ट्रिप में आपकी उपस्थिति के लिये मैं आप सभी के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। मुझे खुशी है कि आप सबकी उत्साहपूर्ण उपस्थिति से यह आयोजन अपने उद्देश्य को सफलतापूर्वक हासिल कर सका है।''

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2015-17
Publication Date: 26.11.2017



# कामधेनु लिमिटेड ने आयोजित किया उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम

कामधेनु लिमिटेड अपने इनोवेटिव विचारों और सफल बिजनेस मॉडल से लगातार विकास करने वाले ब्रांडों के समूह के रूप में उभरा है। इसके हर उत्पाद में गुणवत्ता और इनोवेशन का बेहतरीन समावेश मिलता है जो आधुनिक जरूरतों को आकार देता है। **कामधेनु नेक्स्ट** भी ऐसा ही उत्पाद है, जो अपनी क्षमता और विशेषताओं के आधार पर **नेक्स्ट जनरेशन स्टील** कहा जाता है। **कामधेनु नेक्स्ट** स्मार्ट आर्किटेक्ट कांसेप्ट और न्यू इंजीनियर्ड बिल्डिंग की जरूरतों के मुताबिक है।



इस इनोवेटिव उत्पाद की खासियतों को ग्राहकों के सम्मुख रखने के लिए मेसर्स मनसा स्टील ने उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम (CAP) आयोजित किया। 4 अक्टूबर, 2017 को आयोजित यह जागरूकता कार्यक्रम श्री राजकुमार और श्री धरमपाल के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। यहां निर्माण क्षेत्र से जुड़े हुए 300 कांट्रेक्टर, राजमिस्त्री और बाइंडर्स सम्मिलित हुए।

इस जागरूकता कार्यक्रम में कामधेनु के पदाधिकारियों में श्री वीके गहलोत (सीनियर जनरल मैनेजर), श्री हिमांशु शर्मा (सीनियर मैनेजर), श्री शाश्वत अग्रवाल (असिस्टेंट मैनेजर), डिम्पल चिब्बर (एग्जीक्यूटिव मार्केटिंग) उपस्थित हुए।

इस भव्य जागरूकता कार्यक्रम में प्रेजेंटेशन के माध्यम से **कामधेनु नेक्स्ट** की खासियतों और फायदों को डीलर्स, राजमिस्त्रियों और निर्माण कर्मियों को बताया गया ताकि वे ग्राहकों के बीच में कामधेनु के उत्पादों को बेहतर ढंग से पेश कर सकें। यह प्रोग्राम इन्हें अन्य कंपनी के उत्पादों की तुलना में कामधेनु के उत्पादों को बढ़ावा देने में उपयोगी साबित होगा।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य सिर्फ प्रचार करना नहीं था बल्कि इन्हें प्रात्साहित भी करना था। इन्हें प्रोत्साहित करने के लिए प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया और विजेता को पुरस्कृत करने के साथ साथ लकी ड्रॉ का आयोजन किया गया ताकि जागरूकता कार्यक्रम को एक यादगार इवेंट बनाया जा सके। इस इवेंट में मेसर्स मनसा स्टील प्रा. लि. के 8 डीलर्स भी सम्मिलित हुए जिन्हें कंपनी अधिकारियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

## अपनो की देखभाल, कामधेनु ने की स्वास्थ्य सेवा की नई पहल

कामधेनु लिमिटेड आज एक ऐसे कारपोरेट संस्था के तौर पर जगमगा रहा है जो कंपनी से जुड़े हर सदस्य के लिए विकास का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। कंपनी अपने आदर्शों पर आगे बढ़ते हुए हर उस व्यक्ति का ध्यान रखती है जो कंपनी के विकास में अपना योगदान दे रहें हैं।

इसी के तहत कंपनी ने हाल ही में कुछ चुनिंदा और जाने–माने हॉस्पिटल के साथ टायअप किया है, जिससे कर्मचारियों और उनके आश्रितों माता–पिता, पत्नी, बच्चों को चिकित्सा सुविधा दिलाई जा सके। इस योजना के तहत आने वाले मेडिकल संस्थान मेदांता हॉस्पिटल, पारस हॉस्पिटल, कोलम्बिया एशिया हॉस्पिटल और आर्टिमिस मेडिकल सर्विस हैं। इसमें मुख्यतः ओपीडी, आईपीडी, एग्जीक्यूटिव हेल्थ चेकअप सेवाएं हैं। इन संस्थानों में चिकित्सा सुविधा कम मूल्य पर और रियायती दरो पर मिलेंगे।

कंपनी की ये पहल कर्मचारियों के हित में उठाया गया एक खास कदम है। जो कंपनी को एक बेहतरीन संगठन बनाता है। यहं कंपनी के कर्मचारियों को सकारात्मक ऊर्जा के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करता है और साथ ही जनता के बीच में कंपनी के सकारात्मक व्यवहार को प्रदर्शित करता है।



बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ

**श्री कुलदीप कुमार**
**मेसर्स कुलदीप कुमार एण्ड कम्पनी**
बरमाना, तहसी सदर,
बिलासपुर–174013
मो. 09816044176

**श्री रमन**
**मेसर्स राजेन्द्र हार्डवेयर स्टोर**
मैन बाजार मोहतली, तहसील इंदोरा
कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश
मो. 09646708569

**श्री रमेश कुमार**
**मेसर्स डीवीएस डोलडेन**
बल्दवारा, तहसील सरकाघाट
मंडी–175033, हिमाचल प्रदेश
मो. 07018328199

Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com